


मानवीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह जी, अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक / महानिरीक्षक सम्मेलन - 2023 में पदक विजेताओं के साथ

खण्ड V : अंक XI | जनवरी-मार्च, 2024

# बीपीआरएंडडी बुलेटिन

पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार

# महानिदेशक की कलम से...

नव वर्ष 2024 का आगमन पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के लिए नई ऊर्जा एवं नए उत्साह से परिपूर्ण रहा। नव वर्ष के आरंभ में ही, ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारियों ने 5 से 6 जनवरी को जयपुर, राजस्थान में आयोजित पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक सम्मेलन, 2023 में भाग लिया जिसके उद्घाटन सत्र में माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह सहित केन्द्रीय गृह राज्य मंत्रियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया।

इस अवधि में, ब्यूरो की अधीनस्थ इकाई सीएपीटी, भोपाल ने अभियोजन पर छठे राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जिसके उद्घाटन सत्र में देश के नए आपराधिक कानूनों पर चर्चा की गई। साथ ही, 16 जनवरी को केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान, जयपुर ने अपना 12वां और केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान, गाजियाबाद ने अपना 13वां स्थापना दिवस भी मनाया। बीपीआरडी जो कि गृह मंत्रालय द्वारा 5जी टेक्नॉलाजी का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस है ने दिनांक 14 मार्च को 5जी हैकथॉन, विमर्श 2023 के ग्रैंड फिनाले का आयोजन नॉर्थ ब्लॉक, गृह मंत्रालय में किया जिसके मुख्य अतिथि, केंद्रीय गृह सचिव, श्री अजय कुमार भल्ला थे। 5जी पर हैकथॉन एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिसका उद्देश्य न्यूनतम व्यवहार्य उत्पादों के रूप में संभावित समाधान, विचार और प्रोटोटाइप विकसित करना है।

हर संगठन की पूंजी उसमें कार्यरत मानव संसाधन होती है जिन्हें प्रेरित करने में पुरस्कार और प्रोत्साहन का महत्वपूर्ण योगदान होता है। ब्यूरो के अधिकारियों, कार्मिकों तथा इनसे जुड़ी विभिन्न अकादमियों और गैर सरकारी संगठनों इत्यादि के पदाधिकारियों को उनके बहुमूल्य योगदान हेतु ब्यूरो में आयोजित अलंकरण समारोह में महानिदेशक डिस्क एवं प्रमाण–पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

**महानिदेशक, बीपीआरएंडडी**



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव, माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह जी का 5 से 6 जनवरी, 2024 को जयपुर, राजस्थान में आयोजित पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक सम्मेलन, 2023 के दौरान अभिवादन करते हुए

# 5G हैकथॉन, विमर्श 2023

दिनांक 14 मार्च, 2024 को बीपीआरएंडडी और टीसीओई (TCOE), दूर संचार विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 5G हैकथॉन, विमर्श 2023 का गृह मंत्रालय में ग्रैंड फिनाले आयोजित हुआ जिसमे मुख्य अतिथि, माननीय केंद्रीय गृह सचिव, श्री अजय भल्ला जी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर निदेशक, आईबी, महानिदेशक, बीपीआरएंडडी तथा सचिव, दूरसंचार विभाग भी उपस्थित थे।

**14 मार्च, 2024**



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव, माननीय गृह सचिव, श्री अजय कुमार भल्ला जी का 5G हैकथॉन, विमर्श 2023 के ग्रैंड फिनाले पर स्वागत करते हुए





मुख्य अतिथि, माननीय केंद्रीय गृह सचिव, श्री अजय भल्ला जी, 5G हैकथॉन, विमर्श 2023 के विजेता को सम्मानित करते हुए




मुख्य अतिथि, माननीय केंद्रीय गृह सचिव, श्री अजय भल्ला जी, 5G हैकथॉन, विमर्श 2023 के ग्रैंड फिनाले की अध्यक्षता करते हुए

## अभियोजन पर छठा राष्ट्रीय सम्मेलन–2024

दिनांक 18 जनवरी, 2024 को सीएपीटी, भोपाल ने अभियोजन पर छठे राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि, महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव द्वारा विशेष अतिथि, डीजी (अभियोजन), मध्य प्रदेश, श्रीमती सुषमा सिंह की उपस्थिति में किया। सम्मेलन का प्रारंभ नए आपराधिक कानूनों सम्बन्धी सत्र से हुआ। अकादमी के कार्मिकों के कल्याणार्थ आयोजित संपर्क सभा में महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव ने उनकी समस्याओं के निदान के साथ–साथ राष्ट्र निर्माण में नए कानूनों के महत्व को रेखांकित करते हुए सभी को कर्तव्य निर्वहन हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया । महनिदेशक महोदय द्वारा अकादमी में महिलाओं के लिए 'दीपा कर्मकार पिंक जिम' का उद्घाटन भी किया गया। ●




मुख्य अतिथि, महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव, विशेष अतिथि, डीजी (अभियोजन), मध्य प्रदेश, श्रीमती सुषमा सिंह, अभियोजन पर छठे राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान




महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव, अकादमी के कार्मिकों की संपर्क सभा के दौरान



डॉ मधुमिता श्रीवास्तव, महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव, निदेशक, सीएपीटी, भोपाल, श्री अनिल किशोर यादव की उपस्थिति में अकादमी में महिलाओं के लिए 'दीपा कर्मकार पिंक जिम' के उद्घाटन के दौरान



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव, अकादमी के कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों से मिलते हुए

# पदक अलंकरण समारोह

दिनांक 29.02.2024 को ब्यूरो में आयोजित पदक अलंकरण समारोह में महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव ने राज्यों/यूटी पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, केंद्रीय पुलिस संगठनो, गृह मंत्रालय तथा ब्यूरो के अधिकारियों/कार्मिकों को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु महानिदेशक डिस्क और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।



उप निदेशक (प्रशासन), महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव का पौधा देकर स्वागत करते हुए



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव, महानिदेशक डिस्क और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए





महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव, निदेशक (एसपीडी एंड एनपीएम), सुश्री रुचिका ऋषि को महानिदेशक डिस्क और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करते हुए



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव, महानिरीक्षक, ओडिशा, सुश्री एस शायनी को महानिदेशक डिस्क और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करते हुए



पदक अलंकरण समारोह के दौरान कर्मचारी एवं अधिकारीगण



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव, सीमा सुरक्षा बल बैंड के प्रदर्शन के दौरान

## जनवरी, 2024

दिनांक 01 जनवरी, 2024 को बीपीआरएंडडी मुख्यालय में नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव ने ब्यूरो के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नव वर्ष 2024 की शुभकामनाएँ दीं।

### बीपीआरएंडडी मुख्यालय में नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन

01.01.2024
नई दिल्ली



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ अधिकारीगण नव वर्ष के दौरान



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव, बीपीआरएंडडी कार्मिकों से वार्तालाप करते हुए

दिनांक 16 जनवरी, 2024 को केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान, गाजियाबाद ने अपना 13वां स्थापना दिवस सभी कार्मिकों एवं विषय विशेषज्ञों के साथ हर्षोल्लास से मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव थे। उन्होंने संस्था के कार्य पर संतोष जताया और अच्छा करने हेतु प्रोत्साहित किया। ●

**जनवरी, 2024**

## केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान, गाजियाबाद का 13वां स्थापना दिवस

16.01.2024
गाजियाबाद



निदेशक, केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान, गाजियाबाद, महानिदेशक, बीपीआरएंडडी को स्मृति चिन्ह स्वरूप पौधा भेंट करती हुई



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव, सीडीटीआई, गाजियाबाद के कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों से मिलते हुए

## श्री बालाजी श्रीवास्तव, आईपीएस (सेवानिवृत्त)



श्री बालाजी श्रीवास्तव ने ब्यूरो के महानिदेशक के रूप में 27 अगस्त, 2021 से 31 मार्च, 2024 तक कार्य भार देखा। इस समयावधि में, गृह मंत्रालय द्वारा ब्यूरो के महत्त्व को बढ़ाने के लिए ब्यूरो के अधिदेश का विस्तार किया गया। साथ ही साथ राष्ट्रीय महत्त्व के कई महत्त्वपूर्ण सम्मेलनों के आयोजन से लेकर जी–20 की होने वाली बैठकों के लिए क्षमता निर्माण में भी महत्वपूर्ण सहयोग कर ब्यूरो के सभी प्रभागों का मार्गदर्शन किया।

बीपीआरएंडडी परिवार उनके मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करता है साथ ही उनके स्वस्थ एवं लम्बे जीवन के लिए मंगल कामना भी करता है।

## केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान, जयपुर का 12वां स्थापना दिवस

**जनवरी, 2024**

दिनांक 16 जनवरी, 2024 को केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान, जयपुर का 12वां स्थापना दिवस सभी कार्मिकों एवं विषय विशेषज्ञों के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अमनदीप सिंह कपूर, निदेशक, सीडीटीआई, जयपुर ने इस अवसर पर कार्मिकों को प्रशस्ति–पत्र प्रदान कर संस्था की उन्नति हेतु सतत् कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।

16.01.2024
**जयपुर**



निदेशक, सीडीटीआई, जयपुर, एवं समस्त कार्मिकों का समूह फोटोग्राफ

# गणतंत्र दिवस, 2024

गणतंत्र दिवस, 2024 के शुभ अवसर पर निदेशक (आधुनिकीकरण), बीपीआरएंडडी, श्रीमती रेखा लोहानी को राष्ट्रपति के विशिष्ट सेवा मेडल तथा सिपाही मुकेश कुमार और फिर्दोज के पी को राष्ट्रपति के सराहनीय सेवा मेडल से सम्मानित किया गया है। महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव ने इन सभी को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।



राष्ट्रपति के विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित निदेशक (आधुनिकीकरण), बीपीआरएंडडी, श्रीमती रेखा लोहानी, आईपीएस



राष्ट्रपति के सराहनीय सेवा मेडल से सम्मानित सिपाही, मुकेश कुमार



राष्ट्रपति के सराहनीय सेवा मेडल से सम्मानित सिपाही, फिर्दोज के पी

## जनवरी, 2024

## 75वां गणतंत्र दिवस का हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन

26.01.2024
नई दिल्ली, हैदराबाद, भोपाल

दिनांक 26 जनवरी, 2024 को ब्यूरो मुख्यालय तथा इसकी बाह्य यूनिटों में 75वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां सर्वप्रथम राष्ट्रीय झंडा फहराया गया तथा राष्ट्रगान गाकर सभी ने राष्ट्र के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर जवानों के मध्य मिठाई का वितरण किया गया।



गणतंत्र दिवस के दौरान ब्यूरो मुख्यालय में जवानों के मध्य मिठाई का वितरण



75वें गणतंत्र दिवस के दौरान निदेशक, सीडीटीआई, हैदराबाद, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के साथ



75वें गणतंत्र दिवस के दौरान निदेशक, सीएपीटी, भोपाल अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के साथ

## पुलिस महानिदेशक/पुलिस



जयपुर, राजस्थान में आयोजित पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक सम्मेलन, 2023 में

## अभियोजन पर छठा



मुख्य अतिथि, महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव, अभियोजन

## महानिरीक्षक सम्मेलन, 2023




मानानीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी जी प्रतिभागियों तथा अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ

## राष्ट्रीय सम्मेलन – 2024



पर छठे राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्‌घाटन समारोह के दौरान प्रतिभागियों के साथ

**जनवरी, 2024**

## नराकास, दक्षिणी दिल्ली–1 के सदस्य कार्यालयों की छमाही बैठक

30.01.2024
नई दिल्ली

दिनांक 30 जनवरी, 2024 को पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो मुख्यालय में नराकास दक्षिणी दिल्ली–1 के सदस्य कार्यालयों की छमाही बैठक महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें कुल 61 कार्यालयों के कार्यालय अध्यक्ष तथा उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया तथा हिंदी के प्रचार, प्रसार एवं प्रयोग के ऊपर गंभीर मंथन किया। इस अवसर पर नराकास नई दिल्ली दक्षिण–1 के सदस्य कार्यालयों द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओ को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ●



निदेशक (एसपीडी), बीपीआरएंडडी, श्रीमती रुचिका ऋषि, महानिदेशक, बीपीआरएंडडी को स्मृति चिन्ह स्वरूप पौधा भेट करते हुए




महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ अधिकारीगण बीपीआरएंडडी प्रकाशित पुस्तिका "भारत की आर्थिक प्रगति में प्रभावी कानून व्यवस्था और तकनीक का योगदान" का विमोचन करते हुए




महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव विजेताओ को पुरस्कृत करते हुए

जनवरी, 2024

# संस्थानों के प्रमुखों से नए अपराधिक कानून पर क्षमता निर्माण के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

31.01.2024
नई दिल्ली

दिनांक 31 जनवरी, 2024 को महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव ने राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के डीजी/एडीजी/आईजी/डीआईजी/सुपरिंटेंडेंट करेक्शनल सर्विस तथा इसके प्रशिक्षण संस्थानों के प्रमुखों से नए अपराधिक कानून पर क्षमता निर्माण के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गहन विचार विमर्श किया। साथ ही सुपरिंटेंडेंट से लेकर वार्डर तक के लिए विशेष रूप से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी साझा किया। सभी ने बीपीआरएंडडी के पहल की प्रशंसा की और उसके इस पहल में पूर्ण साझेदारी एवं भागीदारी का आश्वासन दिया।



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव, प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ अधिकारीगण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान

फरवरी, 2024

## आईओटी (IoT) – प्रसार, चुनौतियां और निवारण पर वेबिनार

05.02.2024
नई दिल्ली

दिनांक 5 फरवरी, 2024 को बीपीआरएंडडी ने उभरती प्रौद्योगिकी पर एलईए (LEAs) को संवेदनशील बनाने के लिए बीपीआरएंडडी मुख्यालय में आईओटी (IoT) – प्रसार, चुनौतियां और निवारण पर एक वेबिनार का आयोजन किया। वेबिनार का उद्घाटन निदेशक (प्रशिक्षण), बीपीआरएंडडी, श्री अनुराग कुमार ने किया, जिसमे 100 से अधिक अधिकारियों ने भाग लिया। ●



वरिष्ठ अधिकारीगण वेबिनार के दौरान

फरवरी, 2024


## 'संघ की राजभाषा नीति एवं वार्षिक कार्यक्रम' –हिंदी कार्यशाला

08.02.2024
नई दिल्ली

दिनांक 8 फरवरी, 2024 को ब्यूरो मुख्यालय के अधिकारियों एवं कार्मिकों के लिए 'संघ की राजभाषा नीति एवं वार्षिक कार्यक्रम' विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया तथा आधुनिक गैजेट के माध्यम से कार्यालय के कार्यों को हिंदी में करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यशाला में 30 से अधिक कार्मिकों ने भाग लिया। ●



ब्यूरो मुख्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी हिंदी कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षण लेते हुए




हिंदी कार्यशाला के दौरान वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी प्रशिक्षण देते हुए


**फरवरी, 2024**

दिनांक 13 फरवरी, 2024 को निदेशक (आधुनिकीकरण), बीपीआरएंडडी, श्री अनुराग कुमार ने नवीनतम प्रौद्योगिकियों पर विक्रेताओं/फर्मों द्वारा एक उत्पाद प्रदर्शन/प्रस्तुति का उद्घाटन किया जिसमें राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों/सीपीओ/सीएपीएफ के 150 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।

## नवीनतम प्रौद्योगिकियों पर विक्रेताओं/फर्मों द्वारा उत्पाद प्रदर्शन/प्रस्तुति का उद्घाटन

13.02.2024
नई दिल्ली





निदेशक (आधुनिकीकरण), बीपीआरएंडडी, श्री अनुराग कुमार प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए

## एसपीडी पुस्तकालय का उद्घाटन

**फरवरी, 2024**

दिनांक 14 फरवरी, 2024 को एसपीडी पुस्तकालय का उद्घाटन महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव के कर–कमलों द्वारा निदेशक (एसपीडी/एनपीएम), सुश्री रुचिका ऋषि एवं समस्त कार्मिकों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।




महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव, एसपीडी पुस्तकालय की पुस्तकों को देखते हुए



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव, एसपीडी पुस्तकालय के उद्घाटन के अवसर पर


14.02.2024
नई दिल्ली

## फरवरी, 2024

दिनांक 21 फरवरी, 2024 को बीपीआरएंडडी ने DoT/TCOE के साथ मिलकर आईआईटी मद्रास में PoC के डेमो के पहले दिन का आयोजन किया। 13 टीमों ने 5जी आधारित उपयोग के मामलों पर उनके द्वारा विकसित उपकरणों का लाइव डेमो दिया, जिनका मूल्यांकन एकेडेमिया, डीओटी और टीसीओई, बीपीआरएंडडी और उद्योग की ज्यूरी द्वारा किया गया।

### BPR&D द्वारा DoT/TCOE के साथ आईआईटी मद्रास में PoC के डेमो का आयोजन

21.02.2024
नई दिल्ली




5जी आधारित उपकरणों का लाइव डेमो



बीपीआरएंडडी के अधिकारीगण एवं ज्यूरी 5जी आधारित उपकरणों के लाइव डेमो के दौरान

## फरवरी, 2024

### 5G आधारित समाधानों की अवधारणाओं के प्रमाण का डेमो

22.02.2024
नई दिल्ली

दिनांक 22 फरवरी, 2024 को बीपीआरएंडडी ने DoT/TCOE के सहयोग से कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए 5G आधारित समाधानों की अवधारणाओं के प्रमाण का डेमो सफलतापूर्वक संपन्न किया। आईआईटी, मद्रास में आयोजित 02 दिवसीय कार्यक्रम में कुल 23 टीमों ने अपने समाधान प्रदर्शित किए।



5जी आधारित उपकरणों का लाइव डेमो

फरवरी, 2024

## वेबीनारः इंटरनेट और मोबाइल की लत – इसका प्रबंधन और नेत्र स्वास्थ्य पर प्रभाव

23.02.2024
नई दिल्ली

दिनांक 23 फरवरी, 2024 को बीपीआरएंडडी के आधुनिकीकरण प्रभाग द्वारा 'इंटरनेट और मोबाइल की लत – इसका प्रबंधन और नेत्र स्वास्थ्य पर प्रभाव' पर एक वेबिनार आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन उपनिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री संजीव त्रिखा ने किया। इस वेबिनार में राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों/सीपीओ/सीएपीएफ के 500 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।



उपनिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री संजीव त्रिखा अधिकारियों से चर्चा करते हुए

फरवरी, 2024

## चंडीगढ़ पुलिस अधिकारियों के लिए "नए आपराधिक कानूनों यानी बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए पर संवेदनशीलता" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

23.02.2024
चंडीगढ

दिनांक 23 फरवरी, 2024 को सीडीटीआई, चंडीगढ़ ने "चंडीगढ़ पुलिस अधिकारियों के लिए नए आपराधिक कानूनों यानी बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए पर संवेदनशीलता" पर 05 दिवसीय प्रशिक्षण, सेक्टर–26 पुलिस लाइन, चंडीगढ़ में संपन्न किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 95 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।



निदेशक, सीडीटीआई, चंडीगढ़, श्रीमती रानी बिन्दु सचदेवा प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए

फरवरी, 2024

## एनपीएम डिवीजन की इंटर माइक्रो मिशन की बैठक

28.02.2024
नई दिल्ली

दिनांक 28.02.2024 को महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में ब्यूरो मुख्यालय में एनपीएम डिवीजन की इंटर माइक्रो मिशन की बैठक में उनके अन्य कार्यों के साथ–साथ नए आपराधिक कानूनों के एकीकरण पर कार्य करने हेतु विचार–विमर्श किया गया। बैठक में 40 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। ●



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव अधिकारियों से विचार–विमर्श करते हुए

मार्च, 2024

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर "पुलिस में महिला" पर एक कार्यशाला

08.03.2024
नई दिल्ली

दिनांक 8 मार्च, 2024 को बीपीआरएंडडी मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर "पुलिस में महिला" पर आयोजित एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे नए आपराधिक कानूनों और कार्य जीवन संतुलन पर, सदस्य लोकपाल, सुश्री अर्चना रामसुंदरम, आईपीएस (रिटा) एवं महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव द्वारा पुलिस बलों के 100 प्रतिभागियों को संबोधित किया गया। ●




महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए

मार्च, 2024

## आईटीईसी पाठ्यक्रम "साइबर अपराध जांच और कृत्रिम बुद्धिमत्ता"

04.03.2024
हैदराबाद

सीडीटीआई, हैदराबाद में दिनांक 4 मार्च, 2024 से 15 मार्च, 2024 तक 10 दिवसीय आईटीईसी पाठ्यक्रम "साइबर अपराध जांच और कृत्रिम बुद्धिमत्ता", श्रीलंका पुलिस अधिकारियों के लिए आयोजित की गई, जिसमे श्रीलंका के 20 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।



10 दिवसीय आईटीईसी पाठ्यक्रम "साइबर अपराध जांच और कृत्रिम बुद्धिमत्ता" के दौरान निदेशक, सीडीटीआई, हैदराबाद और श्रीलंका पुलिस अधिकारियों का समूह फोटोग्राफ

मार्च, 2024

## भारत की भूमि सीमाओं को सुरक्षित करने की चुनौतियाँ पर राष्ट्रीय कार्यशाला

15.03.2024
नई दिल्ली

दिनांक 15 मार्च, 2024 को "भारत की भूमि सीमाओं को सुरक्षित करने की चुनौतियाँ" पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला, बीपीआरएंडडी मुख्यालय में आयोजित की गई। इसका उद्घाटन निदेशक (आधुनिकीकरण) ने किया, जिसमे 18 सीमावर्ती राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों, सीएपीएफ और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।



"भारत की भूमि सीमाओं को सुरक्षित करने की चुनौतियाँ" पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला




माननीय केंद्रीय गृह सचिव, श्री अजय कुमार भल्ला जी, 5G हैकथॉन, विमर्श 2023 के विजेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए


011-26782012
BPRDIndia
bprdindia
officialBPRDIndia
Bureau of Police Research & Development India
www.bprd.nic.in

**पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो**
**गृह मंत्रालय, भारत सरकार**
राष्ट्रीय राजमार्ग–48, महिपालपुर
नई दिल्ली – 110037
भारत


Please Scan the QR Code to Subscribe to Youtube Channel

**POLICE AUR SEVA**